**खबर संक्षेप**

## एकल अभियान संभाग महाकौशल भाग रेवांचल अंचल मंडला संच नारायणगंज थाना टिकरिया में रक्षा बंधन कार्य क्रम सम्पन्न हुई



**नारायणगंज।** दिनांक 17/8/2025 को संच नारायणगंज के पुलिस थाना टिकरिया में एकल अभियान की योर से थाना स्टॉप को एकल विद्यालय के बहनों द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर सम्मानित किया गया जिसमें थाना प्रभारी श्री मान गोपाल घांसले जी उप थाना प्रभारी श्री मान पंकज विष्ट जी सब इंस्पेक्टर श्री मान शिव कुमार मरावी जी प्रधान आरक्षक श्री मान आशीष धुर्वे जी आरक्षक श्री मान नारायण तराम जी ए एस आई श्री मान चंदन लाल तेरासे जी श्री मान टीकाराम जी ए एस आई श्री शरद परते जी आरक्षक श्री मान पुष्प सिंह पटेल जी सैनिक श्री मान दीनदयाल गोठरिया जी प्रधान आरक्षक एवं समस्त पुलिस स्टॉप इस रक्षा बंधन कार्य क्रम में सम्मलित होकर योग दान दिए एवं एकल अभियान से श्री मान अरविंद्र मरावी जी संभाग गति विधि प्रमुख संभाग महाकौशल संच से श्री मान मानक लाल मार्को जी प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख विद्यालय ग्राम से श्री मति साक्षी पटेल आचार्य जी श्री मति उषा सोयम आचार्य जी श्री मति साधना मार्को आचार्य जी श्री मति अंजली सिंगरौर आचार्य जी श्री मति मनीषा सरवटे आचार्य जी श्री मति प्रियांशी ठाकुर आचार्य जी श्री मति इतिया आचार्य जी प्रेमती। अंजना। अवंती। चन्द्र कली। सुरेश। नंद लाल गोठरिया एवं समस्त एकल विद्यालय के आचार्य जी भाई बहनों की उपस्थिति में कार्य क्रम को संपन्न किया गया।

**टावर संचालन के लिए आया डीज़ल वाहनों में बेचा जा रहा, ग्रामीणों ने उठाई आवाज़**

# जियो के नाम पर डीज़ल की कालाबाज़ारी






*** 20-20 लीटर के कैन में दुकानों पर बिक रहा ईंधन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

घुघरी तहसील के ग्राम परसवाह और किसलि में जियो कंपनी के नाम पर डीज़ल की खुलेआम कालाबाज़ारी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी टावर संचालन के लिए आपूर्ति किया गया डीज़ल अब खुले बाज़ार में वाहनों और दुकानों के ज़रिए बेचा जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि दुकानों पर 20-20 लीटर के कैन में डीज़ल खुलेआम बिक रहा है। आए दिन लोग कैन भरकर ले जाते हैं और वाहनों में डलवाते हैं। इस तरह खुलेआम बिक्री से न केवल कंपनी और सरकार को आर्थिक नुकसान हो रहा है बल्कि सुरक्षा मानकों की भी पूरी तरह अनदेखी की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, इस गोरखधंधे में जिस व्यक्ति का नाम सामने आया है। वह खरीदारों को डीज़ल देते समय एक तरह का "सर्टिफिकेट" भी दिखाता है, ताकि बिक्री को वैध ठहराया जा सके। जबकि नियम साफ़ कहते हैं कि जियो टावर संचालन हेतु आया डीज़ल किसी अन्य उपयोग के लिए बेचा ही नहीं जा सकता।

ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह की कालाबाज़ारी से दोहरे खतरे पैदा हो रहे हैं। एक ओर डीज़ल जैसी ज्वलनशील वस्तु का खुलेआम व्यापार किसी भी समय बड़ा हादसा कर सकता है, वहीं दूसरी ओर टावर तक डीज़ल की आ पू र्ति प्रभावित होगी, जिससे नेटवर्क सेवाएं ठप पड़ सकती हैं।

लोगों का आरोप है कि लंबे समय से यह धंधा चल रहा है, लेकिन प्रशासन अब तक चुप्पी साधे बैठा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

समाचार लिखे जाने तक संबंधित विभागीय अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान प्राप्त नहीं हो सका है।

### ग्रामीणों का कहना है

—

रजियो कंपनी के नाम पर 20-20 लीटर के कैन में डीज़ल की खुलेआम कालाबाज़ारी अब और बर्दाश्त नहीं की जाए। दुकानों में कैन से हो रही डीज़ल बिक्री पर तत्काल रोक लगे। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रशासन बताए कि कंपनी का डीज़ल खुले बाज़ार तक कैसे पहुंच रहा है। भविष्य में टावर संचालन हेतु आने वाले डीज़ल पर निगरानी रखी जाए। हादसाः 20-20 लीटर के कैन में डीज़ल की बिक्री कभी भी विस्फोट या आगजनी का कारण बन सकती है। नेटवर्क संकटः टावर तक डीज़ल न पहुँचने पर नेटवर्क ठप पड़ जाएगा। आर्थिक नुकसानः कंपनी और सरकार को भारी राजस्व हानि। कानूनी उल्लंघनः पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री संबंधी नियमों का खुला उल्लंघन। ग्राम परसवाह में दुकानों पर 20-20 लीटर कैन में बिकता डीज़ल। खुलेआम कैन भरकर डीज़ल ले






# बच्चों को लाने वाले ऑटो चालक बने मुख्य अतिथि

*** 40 साल की सेवा का मिला अनमोल सम्मान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



स्वतंत्रता दिवस पर जहां देशभर में तिरंगे की शान और आज़ादी का जश्न मनाया जा रहा था, वहीं मंडला जिला मुख्यालय स्थित निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल ने एक अनोखी और दिल छू लेने वाली पहल कर सबका दिल जीत लिया। स्कूल प्रबंधन ने इस वर्ष के ध्वजारोहण समारोह में कोदूदास बघेल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया वह शख्स जो पिछले 40 वर्षों से स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने की सेवा कर रहे हैं। कभी साइकिल रिक्शे से और अब ऑटो रिक्शे से, कोदूदास बघेल ने अपनी पूरी जिंदगी बच्चों की मुस्कान और उनकी सुरक्षा के नाम कर दी। उनकी ईमानदारी, समय पालन, और सेवा भाव ने न सिर्फ स्कूल प्रबंधन, बल्कि अभिभावकों और छात्रों के दिल में भी खास जगह बनाई है।

### सम्मान का यादगार पल

कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल स्टाफ ने तिलक-वंदन कर उनका स्वागत किया और उन्हें स्कूल प्रांगण में विशेष अतिथि की तरह प्रवेश कराया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रगान में सभी के साथ स्वर मिलाया।

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को भावनाओं से भर दिया। स्कूल प्रबंधन ने कोदूदास बघेल को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भावुक होते हुए उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा किए और कहा बच्चों के साथ यह सफर मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी पूंजी है। उनका प्यार और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी कमाई है।

### स्कूल प्रबंधन की भावनाएं

स्कूल प्रबंधक ने कहा आज हम एक सच्चे कर्मयोगी, एक जीवन योद्धा का सम्मान कर रहे हैं। श्री कोदूदास बघेल जी का जीवन सेवा, समर्पण और इंसानियत का जीता-जागता उदाहरण है। चाहे तपती धूप हो या बरसात, इनका मुस्कुराता चेहरा और बच्चों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी हम सभी के लिए प्रेरणा है। स्वतंत्रता दिवस पर इस अनूठे सम्मान ने यह संदेश दिया कि असली नायक सिर्फ मंचों या किताबों में नहीं, बल्कि हमारे आसपास ही होते हैं।



# धूमधाम से मनाया श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव



**नारायणगंज।** विकास खण्ड मुख्यालय में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी यादव महासभा नारायणगंज एवम सभी क्षेत्रीय बंधु जनों एवं जनप्रतिनिधि गणों के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई सर्वप्रथम ग्राम कूड़ामैली स्थित श्री कृष्ण मंदिर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चन कर पारंपरिक अहीरी नृत्य की प्रस्तुति के साथ शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की सजीव झांकियां सजाई गई जो लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र रहे। भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में क्षेत्र के सभी यादव बंधू जन एवं सर्व समाज ग्राम खमरिया डूंगरिया चटरा बरगी भावल चीरी बम्हनी किकरिया मां नर्मदा सेवा समिति कुम्हा देवरी नारायणगंज कुड़ामैली चरगांव तिलगांव खैरी मलारा पदमी टाटीघाट कुंडा देहरा पाठा सिगोधा समनापुर शाहा बारोंची सिंघानपुरी चौकी सिकोसी भानपुर मंडला बीजाडांडी एवं अन्य सभी ग्राम के सर्व समाज मिलकर एवम क्षेत्रीय एवं दूर दराज से आए हुए श्रद्धालु की बड़े संख्या शामिल हुए। शोभा यात्रा में भगवान श्री कृष्ण की सजीव झांकियों की मनमोहक प्रस्तुति मनमोहक रहा। वहीं पूरे शोभायात्रा में प्रसाद स्वरूप खीर वितरण भी किया गया। जगह-जगह पर शोभायात्रा का फूल माला एवं पुष्प गुछ से स्वागत किया गया। ग्राम कूड़ामैली से नारायणगंज तक इस विशाल शोभायात्रा में सभी सर्व समाज एवं जनप्रतिनिधियों में पूरे जुनून उत्साह के साथ शामिल रहे। मुख्यालय स्थित बस स्टैंड परिसर में मंची कार्यक्रम के दौरान माँ हिंगलाज देवी जागरण आर्क्रेस्टा वरुण इवेंट जबलपुर द्वारा भगवान श्री कृष्ण के भजन गीत संगीत की प्रस्तुती दी गई जिसमें सभी श्रद्धालु गण नाचते झूमते रहे गायक व साथी कलाकारों द्वारा अपने बेहतरीन गायन व कला से राधा कृष्ण की झांकियां का नृत्य एवं भगवान श्री शंकर वेश धारण किए हुए कला नृत्य प्रस्तुत कर जनमानस का खूब मन मोहा।

## भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की बिछिया नगर में धूम

*** सरस्वती विद्यालय में मनाया गया जन्मोत्सव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



प्रतिवर्षा इस वर्ष भी स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय भुआबिछिया में श्री कृष्ण राधा की बाल लीलाओं पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए 16/08/2025 दिन शनिवार को शाम 7:00 बजे से कार्यक्रम का भव्यता पूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर आकर्षक कृष्ण जन्म, आते-जाते कृष्ण, सावन झूला,रास लीला, झांकियां का निरीक्षक पश्चात भैया/बहिनों के द्वारा नृत्य एवं प्रहसन की मनमोहन प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें बिछिया नगर की शाम कृष्ण भक्ति मय रही। तत्पश्चात कक्षा दशम, अष्टम, एवं पंचम बोर्ड कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त भैया/बहिनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति रही। एवं भैया/बहिनों का उत्साहवर्धन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिवार एवं जगमण्डल बाल कल्याण समिति परिवार के द्वारा भव्यता पूर्वक किया गया। एवं बिछिया नगर वासियों, पूर्व छात्र भैया-बहिनों एवं पुलिस थाना बिछिया के पुलिस बलों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। एवं कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

**राष्ट्रीय पर्व** | **स्काउट/गाइड परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम में पाया प्रथम स्थान।**

# स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में ज्ञानदीप स्कूल का जलबा

*** बच्चों ने अपने नाम किये चार शानदार पुरूष्कार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला कॉलेज एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी मंडला द्वारा संचालित ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल ने इस बार स्वतंत्रता दिवस 2025 में चार विधाओं में अपना परचम लहराकर शील्ड प्राप्त किया।





स्काउट परेड में प्रथम, रेडक्रास परेड में द्वितीय, गाइड परेड में तृतीय, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान पाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि का श्रेय सम्पूर्ण विद्यालय परिवार को जाता है परंतु इनका अथक प्रयास कबीले तारीफ रहा-बृजमी, पूजा पाठक ने स्काउट/ गाइड एवं रेडक्रास परेड व्यवस्था सम्हाली, नेहा मिश्रा, वर्षा सोनी, श्रीमती अनुलता सोनी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कराईं। नव नियुक्त प्राचार्य दिनेश दुबे, रफीक खान का निर्देशन एवं डॉ संजय तिवारी, अजय खोत, विनोद अग्रवाल का कुशल मार्गदर्शन काम आया। सेक्रेटरी संजय तिवारी ने ध्वजारोहण किया, ध्वजारोहण कार्यक्रम में अजय खोत, विनोद अग्रवाल, संजय मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समस्त कार्यक्रमों की तैयारी सभी शिक्षकों ने मिलकर एक साथ कराई सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।स्कूल प्रांगण में पालकों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति पूरे कार्यक्रम में रही। कार्यालय के सभी साथियों ने व्यवस्था बनाने में सहयोग किया।

दि मंडला कालेज एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी मंडला के अध्यक्ष सोमेश मिश्रा कलेक्टर मंडला सहित सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग मंडला श्रीमती वंदना गुप्ता, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रंजीत गुप्ता, एपीसी मुकेश पाण्डे, कब कमिश्नर अखिलेश चंद्रौल, जिला सचिव स्काउट लोक सिंह पदम व सभी शुभचिंतकों ने इस सफलता पर बधाई बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

## नगर में यादव समाज के द्वारा निकली गई राधे श्री कृष्ण की भव्य शोभा यात्रा का नगर में हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

नगर में श्री कृष्णा जन्माष्टमी महोत्सव का पर्व यादव समाज के द्वारा आयोजित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय राम मंदिर में सुबह पूजन अर्चन हवन के साथ की गई, इसके पश्चात राममंदिर से यात्रा का शुभारंभ सुबह समय 10:00 बजे किया गया भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव पर यादव समाज के द्वारा चलित आर्केस्ट्रा बैंड बाजों आतिशबाजी के साथ शोभा यात्रा राममंदिर से दानितोला तिराहे से होते हुए साई तिराहा, जनपद परिसर, होते हुए राधेकृष्ण मंदिर जतीपुर मंदिर में पूजन अर्चन के पश्चात बाजार चोक होते हुए गांधी गेट से होते हुए राममंदिर में समाप्त हुई जहां प्रसाद वितरण किया गया।

शोभा यात्रा के दौरान नगर में जगह जगह श्रद्धालुओं नगरवासियों ने जलपान के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया इस अवसर पर जिला सहित बिछिया नगर नगरवासी ज न प्र ति नि धि समाजसेवि श्रद्धालुओं सभी ने स्वागत किया। इस वर्ष भी जय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया नृत्य कार्यक्रम के साथ चलित आर्केस्ट्रा एवं विभिन्न झांकियों के साथ शोभायात्रा में कलाकारों के द्वारा राधा कृष्ण बाहुबली हनुमान जी के साथ नृत्य करते देखे गए।



## स्वतंत्रता दिवस से तिरंगा विहीन नजर आया ग्रामीण यांत्रिकी अधिकारी का कार्यालय

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** देश की स्वतंत्रता की वर्षगांठ बीते हुये 15 अगस्त शुक्रवार को जहां संपूर्ण देश में बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। सरकारी कार्यालयों से लेकर निजी संस्थानों में लहराता हुआ तिरंगा जहां देश की आजादी को उजागर करते हुये देखा जा रहा था। मगर देश के राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर नगर में एक जिम्मेदार माने जाने वाले अधिकारी का कार्यालय में जिस तरह तिरंगा बिहीन रहती हुये वहां पर लगा गंदगी का अम्बार चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाया है..? ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश शासन के आदेश पर हर घर तिरंगा व सफाई अभियान के लिये दिये गये आदेश के चलते जिला से लेकर स्थानीय अधिकारियों द्वारा लगातार रैली निकालते हुये लोगों को घर घर तिरंगा के जागरूक करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। इसी का परिणाम है कि देश के स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ के मौके पर जहां संपूर्ण नगर देश भक्ति में हीन होने से नही चूक पाया था। मगर इसके बाद जब लोगों ने देखा कि नगर में एक जिम्मेदार अधिकारी का कार्यालय इस तरह से भी है जो राष्ट्रीय पर्व पर तिरंगा बिहीन रहने के साथ साथ वहां पर फैल रही गंदगी इस बात का प्रमाण देते हुये प्रतीत हो रही है कि शायद यहां पर पदस्थ अधिकारी अपने आपको जिला कलेक्टर से लेकर प्रदेश सरकार से भी अपने आपकों उच्चस्तर का समझने में पीछे नही है..? क्योंकि जहां एक ओर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के वर्षगांठ के अवसर पर शासकीय कार्यालयों के भवनों से लेकर निजी संस्थाओं में भी ध्वजा लहराते हुये दिखाई दे रहे थें। मगर शहर में स्थित अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग गाडरवारा कार्यालय में 15 अगस्त के अवसर पर किसी तरह से ध्वजा रोहण न होना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाया है..? बताया जाता है कि इस कार्यालय में ग्राम पंचायतों संबंधी कार्यों का संचालन किया जाता है जो ग्रामीण पंचायत विभाग के अंतर्गत आता है। मगर हैरत की बात है कि ग्रामीण पंचायत विभाग में इसी जिले के मंत्री होने के बाद अधिकारियों द्वारा उसी विभाग के कार्यालय में ध्वजा रोहण न करना निश्चित तौर से अधिकारियों की मनमानी का प्रमाण उजागर करने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर जिला कलेक्टर द्वारा जिस तरह एक सप्ताह तक हर घर तिरंगा को लेकर चलाई गई मुहिम पर भी इस सच्चाई ने ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है..? एक जिम्मेदार अधिकारी की इसे मनमानी कही जावे या फिर उदासीनता के चलते शासकीय कार्यालय के भवन में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर ध्वजा रोहण न होना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..?

# स्वतंत्रता दिवस पर नपा अध्यक्ष मिश्रा सहित उप पुलिस अधीक्षक, एसडीएम ने अपने कार्यालयों में तो शिक्षण संस्थाओं के आलवा अन्य संस्थाओं में धूमधाम के साथ किया ध्वजारोहण










**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए विश्व का गुरू बनने की क्षमता रखने वाले भारत की आजादी की वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में इस प्रकार से मनाई गई कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर जहां संपूर्ण क्षेत्रवासी एक सप्ताह पहले से ही तैयारियों में जुटे हुये देखे जा रहे थें और हर घर तिरंगा लहराने की मुहिम के चलते शहर से लेकर गांवों का नजारा इस तरह देखने मिल रहा था कि हर घर के ऊपर देश की शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराता हुआ नजर आवेगा..? मगर सही मायने में देखा जावे तो हर घर तिरंगा को लेकर प्रशासन की मुहिम सिर्फ जिस तरह औपचारिकता होने के साथ अखबारों की सुर्खियों तक सीमित रही है उसका परिणाम इस तरह दिखाई पड़ा की स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर आम लोगों के घरों की बात तो दूर शासकीय सेवाओं में पदस्थ रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के घरों पर भी तिरंगा नजर न आना निश्चित तौर से प्रशासन की मुहिम पर सबाल खड़े करने से नही चूक रही है..? इतना ही नही शासन के आदेश पर जिस तरह आये दिन नगर में हर घर तिरंगा के लिये निकाली गई जागरूकता रैलियों में जो नेताओं से लेकर अधिकारी व कर्मचारी सबसे आगे दिखाई दे रहे थें उनके घरों पर भी तिरंग के दर्शन न होना चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है..? यह बात अलग है कि स्वतंत्रता दिवस के पावन बेला पर शासकीय कार्यालयों से लेकर निजी शिक्षण संस्थाओं में देश की आन वान तिरंगा लहराते हुये नजर आया जो आम लोगों के लिये देश भक्ति में लीन करने से नही चूक रहा था। इस तरह तिरंगे की गरीमा निश्चित तौर से लोगों के दिलों में जिस तरह बैठी हुई थी वह स्वाधीनता दिवस के मौके पर उभर कर ऊपर आ जाने के कारण शहर से लेकर गांव के सरकारी कार्यालय पूर्णरूप से तिरंगामय होने से नही चूक पाये थें। इस प्रकार बीते हुए 15 अगस्त को शहर में जहां बडे ही धूमधाम के साथ स्वतंत्रता की की वर्षगांठ बडे ही धूमधाम से मनाई गई जिसके चलते पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा तिरंगा फहराते हुये अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बंधाई दी गई। वही दूसरी ओर नगर की शासकीय संस्थाओं में उनके प्रमुखों द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। इस प्रकार नगर के अनुविभागीय कार्यालय में एसडीएम श्रीमति कलावती व्यारे तो उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डीएसपी रत्नेश मिश्रा, पुलिस थाने में नगर निरीक्षक विक्रम रजक के आलवा नगर के शासकीय स्कूलों के आलवा निजी शिक्षण संस्थाओं में धूमधाम के साथ ध्वजा रोहण हुआ। इसी प्रकार से समीपस्थ नगर पंचायत परिषद चीचली में अध्यक्ष शेख मंजूर बबलू सिंघानिया ने तिरंगा फहराया गया तो सालीचौका नगर पंचायत परिषद में अध्यक्ष राकेश सिलावट व नगर पंचायत सांईखेड़ा में अध्यक्ष स्वाति/ सचिन अग्रवाल द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। इसी प्रकार से अलग अलग ग्राम पंचायतों में सरपंचों द्वारा पंचायत में शान व हर्षोल्लास के साथ ध्वजा रोहण करते हुये आजादी की खुशिया बनाई गई। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर सुबह से ही आजादी के तराने गूंजने लगे थें और युवाओं तथा बच्चों सहित आमलोगों में गहरी खुशी व्याप्त होने से नगर देश भक्ति के रंग में सराबोर हो गया था। स्वतंत्रता के आंदोलनों में शहीद हुए बीर पुरूषों की याद में नगर भर में श्रद्धा के फूल बिखरने नजर आ रहे थें। इस प्रकार से देश के स्वाधीनता के पावन अवसर पर अनेक जगहों पर कार्यक्रम आयोजित होते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर प्रतिवर्ष के अनुसार नगर कांग्रेस द्वारा शहर के हृदय स्थल झंडा चौका सहित पुरानी गल्ला मंडी व अन्य स्थानों पर ध्वज रोहण करते हुये देश के बीर सपूतों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

# अनूठे संयोग से शहर में मना मुरलीधर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** माधुर्य रस की वर्षा कर भक्तों को कर्म पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देने वाले भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव शनिवार को विशेष संयोगों के चलते शहरवासियों ने अपने घरों में बडे हर्षोल्लास से मनाया गया। बताया जाता है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभ बेला में जहां सुबह से लोगों के घरों व मंदिरों में श्रीकृष्ण भक्ति की रंगत छाने लगी थी। वही दूसरी ओर नट खट कन्हैया की मनोहर झांकियाँ भक्तों द्वारा अपने घरों के अंदर सजायी गई थी। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के चलते नगर में यादव समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शिक्षण संस्थाओं में भी धूमधाम के साथ जन्माष्टी त्यौहार मनाते हुये सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के बाजार में भी भगवान श्रीकृष्ण की पूजा सामग्री, मिठाईयां, फूलों व फलो की दुकानों पर भीड़ भाड जुटने से व्यापारियों के चेहरे दमकते हुए नजर आ रहे थें तथा बच्चें, युवा वृन्दावन के कृष्ण कन्हैया का जय घोष करते हुए जन्माष्टमी पर्व धूमधाम के साथ अपने उत्साह का इजहार करने में लगे हुए देखे जा रहे थें। अनेक घरों में देखने मिला की नन्हें मुन्ने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप देते हुये उनका पूजन करते हुये अनेक प्रकार के भोग लगाये गये।वही दूसरी ओर समीपस्थ सालीचौका भगवार श्रीराधाकृष्ण मंदिर में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोंत्सव के मौके पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुये। इस तरह शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो द्वारा अपने घरों में श्रद्वा के साथ मुरलीधर भगवान श्रीकृष्ण का व्रत रख विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए हत्थी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की बोलते हुए प्रसाद वितरण करने के बाद नगर के मंदिरों में जाकर भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन पूजन कर धर्मलाभ लिया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर शहर के यादव समाज बंधुओं के घरों में जहां भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजन, आरती हुई। इस प्रकार से शहर में विशेष रूप से जन्माष्टमी के अवसर पर तोरण द्वारों, विद्युत मालाओं से सजे मंदिरों में रात को भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियाँ निहार आनंद लाभ प्राप्त करने वाले श्रद्वालुओं ने भगवान की झांकियों के दर्शन किये। इस मौके पर प्रतिवर्ष होने वाले भंजन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित हुये। वही जन्माष्टमी के मौके पर मंदिरों में अपनी लीलाओं से भक्तों को रिझाने वाले भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजन, महाआरती की गई तथा भक्तों को मिष्ठान, पंजीरी, केला, ककड़ी, पंचमृत का महा प्रसाद वितरित किया गया। वही दूसरी ओर नगर में अनेक जगहों पर जन्माष्टमी के मौके पर मटकी फोड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगर संकट मोचन हनुमान मंदिर सहित विजय कालोनी व पानी टंकी के पास विशाल मटकी फोड प्रतियोगिता आयोजिन की गई जिसमें समाचार लिखे जाने तक मटकी फोडने का कार्यक्रम जारी था।

### निर्माण सामग्री की कीमतें बढ़नें से टूट रहे आशियाने बनाने के सपने, स्टील के भाव बिक रहा लोहा

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** कोई भी सरकार लाख दावा करें किन्तु हकीकत यह है कि वर्तमान में भीषण महँगाई की रोकथाम न होने की हालत में आम आदमी की कमर इतनी अधिक तोड़ दी है कि वह आह भरने में भी असमर्थ हो गया। परिवारजनों की आवश्यकताएँ पूरी करने में तो लोगों की सांसें ऊपर नीचे हो रही है, इसके अलावा मध्यवर्गी, गरीब व्यक्तियों के लिए छोटे से आशियाने का निर्माण करना इसलिए मुश्किल हो रहा है क्योंकि मकानों की निर्माण सामग्री के दाम दिनोंदिन बढ़ते चले जा रहे है। आशियाने के सपनें को पूरा करने में असफल शहर के बाशिन्दो ने हरिभूमि को बताया कि मकान बनाना बुरे ख्बाब के समान हो गया है? क्योंकि सीमेंन्ट, रेत, मिट्टी की कीमतें सोने के समान तेजी से बढ़ रही है, लोहे के दाम काफी हद तक महगांई में झूल रहे है, पीली मिट्टी के दाम बढ़नें से भी परेशानी हो रही है। उन्होने बताया कि भवन निर्माण सामग्री में इन दिनो सबसे तेज दौड़ सीमेंन्ट लगा रहा है,

# सांई भक्तों ने किया 100 घंटे का अखंड भजन कीर्तन का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां इस समय नगर से लेकर गांव गांव धार्मिक त्यौहारों की धूम मची होने के कारण संपूर्ण महौल धर्ममय होने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर आजादी के वर्षगांठ से लोगों को देश की भक्ति में लीन होते हुये भी देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर सांई भक्तों द्वारा बीते हुये 13 अगस्त से जिस प्रकार से लगातार 100 घंटे का भजन कीर्तन का आयोजन किया गया उसमें चलते नगर में बेहती हुई धर्म की गंगा में मानों बाढ़ ला दी गई हो..? बताया जाता है कि सांई भक्तों द्वारा समीपस्थ आचार्य भवन भटेरा रोड पर बीते हुये 13 अगस्त से लगातार 100 घंटे का भजन कीर्तन का आयोजन किया गया उसका आज समापन होगा। इस तरह लगातार पांच दिन तक चले इस भजन कीर्तन के आयोजन में साईभक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूक रही थी। इस आयोजन में क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने भी पहुंचकर सांई बाबा के दर्शन करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया गया।

## उर्स मुबारक के मौके पर निकला चादर संदल का जुलूस



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर में हजरत गौशा दाता का उर्स मुबारक खुशनुमा अंदाज में अकीदत के साथ मनाया गया। बताया जाता है कि उर्स मुबारक के मौके पर आम लंगर का आयोजन भी किया गया। वही इस दौरान नगर की पुरानी सब्जी मंडी के सामने हजरत गौशा दाता की दरगाह से चादर संदल , परचम का आलीशान जुलूस शहर के मुख्य मार्गो से शहनाई के साथ निकाला गया । वही अकीदतमंद लोभान जलाते हुए अदब के साथ चादर लेकर चल रहे थे । एकता भाईचारे का पैगाम देकर सांप्रदायिक सद्भावना के साथ धार्मिक स्थलों पर झंडा परचम पेश किए गए। शहर के शक्ति चौक पर हसनी हुसैनी सोसायटी के अलावा अन्य स्थानों पर जुलूस का स्वागत किया गया। इस जुलूस का समापन दरगाह शरीफ पर करने के बाद हजरत गौशा दाता की मजार पर चादर पेश करते हुए नियाज फातेहा दुआ की गई व तबर्रुक तकसीम हुआ।

# स्वतंत्रता दिवस के पहले शिक्षा मंत्री की मौजदूगी में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा**

वैसे तो देखा जावे इस समय देश भक्ति में छोटे बच्चों से लेकर बडे बुजुर्गो को लीन होते हुये देखा जा रहा है। मगर स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले यानि की 14 अगस्त को प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की विशेष मौजूदगी में जिस प्रकार से तिरंगा यात्रा निकाली गई उसके चलते संपूर्ण क्षेत्र देश भक्ति में लीन होकर रहने से नही चूक पाया था। इस भव्य तिरंगा यात्रा के सूत्रधार प्रियांक जैन बनाई गई व्यवस्थाओं के बीच शहर की नई गल्लामंडी से शुरू होकर तिरंगा यात्रा शासकीय चिकित्सालय मार्ग से निकलते हुये पलोटन गंज से पानी टंकी से चांवडी रोड से निकलकर पुरानी चौकी, झंडा चौक के पास पुरानी गल्ला मंडी में पहुंचने के बाद समापन हुआ। इस तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के विधायक राव उदय प्रताप सिंह के साथ मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, अशोक भार्गव, मुकेश मरैया, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन, अशोक भार्गव, पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक, शिरोमणी चौधरी, प्रदेश कार्य समिति के मिनेन्द्र डागा, चीचली भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, नगर भाजपा मंडल चंद्रकांत शर्मा सहित अनेक भाजपा नेतागण मौजूद रहे। वही नगर में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा का जहां तहां लोगों द्वारा पुष्प वर्षा करते हुये स्वागत किया गया।

## आखिरकार इस स्टेट हाईवे के कब आवेंगे अच्छे दिन.. निकल रहे गड्डे व टूटती सड़क में लगातार परेशान हो रहे वाहन चालक



**हरिभूमि न्यूज/कौडिया।** जहां एक ओर सरकार द्वारा लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। मगर अक्सर देखा जाता है कि सरकार द्वारा सड़कों के लिए स्वीकृत की जाने वाली राशि का निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सीयों द्वारा इस प्रकार से निर्माण किया जाता है कि वह जहां चंद दिनों में अपनी गुणवत्ता की कहानी स्वयं बताने लगी है, वही दूसरी ओर आम लोगों के लिए पेरशानी का कारण बनती है? कुछ इसी रपकार की सच्चाई इस समय स्टैट हाइवे माने जाने वाले गाडरवारा करेली मार्ग पर ग्राम कौड़यिा के अंदर के भाग में भी देखी जा रही है। बताया जाता है कि जब इस सड़क का निर्माण हुआ था तो गांव के अंदर जिस प्रकार से निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जो गुणवत्ता को अपराया गया था उसी समय क्षेत्र के अखबरों द्वारा गुणवत्ता की सच्चाई को उजागर करते हुए क्षेत्र के नेताओं से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जाता रहा है। मगर उस समय अधिकाकिरियों द्वारा बरती गई उदसीनता का परिणाम है कि इस सड़क पर निकल रहे गड्डो के चलते जहां वाहन चलाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना ही पड़ रहा है। वही दूसरी ओर लोगों की जान के लिए भी खतरा पैदा हो रहा है। करोड़ो रूपया की लागत से लागत ग्राम कौड़यि के अंदर बनाई गई सीमेंट सड़क में गुणवत्ता की अनदेखी किये जाने के कारण यह सड़क जगह जगह से टूटने लगी है। सड़क के बीचों बीच जानलेबा गड्ड़े निर्मित हो गए है, जिसके चलते यह गड्ढे राहगीरो के लिए जानलेबा सिद्ध हो रहे है, इस समय चल रहे बारिश के मौसम में सड़क पर निकले हुए गड्ढो में बरसात का पानी भरने के कारण दिखाई नही देते है और जब अचानक वाहन उनमें चला जाता है तो आये दिन छोटे वाहन चालकों को गिरते हुए देखा जाता है, इस सच्चाई को लेकर लगातार आबाज उठाने के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिया जा रहा है।

## अन्नदाता की मेहनत पर प्रकृति की मार फिर देने लगी दिखाई, सोयाबीन फसल में पीला मौजिक से चिंता में दिखाई दे रहे किसान

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।**



अन्नदाता के ऊपर जिस तरह प्रकृति की मार पड़ते हुये देखी जा रही है उसके चलते सभी का पेट भरने वाला किसान परेशानियों से नही उभर पा रहा है। इस समय देखा जावे तो जहां लोग मौसम बीमारियों के चपेट में आने के चलते परेशान हो रहा है तो दूसरी ओर किसानों द्वारा कुछ माह पहले विक्रय की गई शासन को अपनी मूंग फसल का भुगतान नही मिलने के कारण जरूरी जरूरतों को पूरा करने के लिये कर्जदार बनते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर किसानों को उम्मीद है कि उसके खेतों में खड़ी हुई गन्ना सहित धान व सोयावीन की फसल से वह अपनी परेशानियों से निजात पा लेगा। मगर सोयाबीन की फसल जिस तरह पीला मौजिक बीमारी की शिकायत होते हुये देखी जा रही है उसके चलते अन्नदाता के चेहरे की मुस्कान गायब होने से नही बच पा रही है। क्योंकि काफी मेहनत के साथ जिस तरह किसानों ने पैसा खर्च करते हुये अपने खेतों में सोयाबीन फसल लगाई गई थी। मगर पीला मौजिक बीमारी के चलते फसल को पीला होते हुये देखा जा रहा है उसके चलते ऐसा प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है कि किसानों द्वारा सोयाबीन फसल को लगाने में जो लागत लगाई गई वह खड़ी हो जावे तो बड़ी बात होगी।

## नगर में नियमित रूप से साफ सफाई के अभाव में बढ़ रही मच्छरों की फौज, नीम के धुंआ का सहारा ले रहे लोग

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस समय जहां संपूर्ण अनेक प्रकार की बीारियों से जूझते हुये देखा जा रहा है। मगर इसके बाद भी नगर परिषद द्वारा नगर की नियमित साफ सफाई व्यवस्था पर ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि सड़को सहित नालियों में लग रहे गंदगी के अम्बार के चलते जहां अनेक प्रकार के मच्छर जन्म लेने के कारण लोग रात के समय अपने घरों में सुकून की नीद नही ले पा रहे है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो जहां देश के प्रधानमंत्री से लेकर प्रदेश के मुखिया द्वारा लोगों को स्वच्छता का संदेश देत हुये अनेक प्रकार की महामारी से बचने के लिये साफ सफाई की ओर विशेष ध्यान देने की बात कही जा रही है। मगर इस बात को नपा पर किसी प्रकार का असर पड़ते हुये दिखाई नही देने के कारण न तो नगर की नालियों व गलियों में कीट नाशक दबाईयों का छिड़काव होते हुये नही देखा जा रहा है और न ही मच्छरों की बढ़ती हुई फौज पर अंकुश लगाने के लिये कोई उपाये किये जा रहे है, जिसके कारण नगर के लोगों को इन मच्छरों से बचाव के लिये नीम के धुंआ का सहारा लेना मजबूरी बनने से नही चूक रही है, लोगों द्वारा अपने घरों के अंदर नीम के पत्तों को चलाते हुये मच्छर भगाते हुये देखे जा रहे है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हौरी कला
सौ. - शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हौरी कला


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभात रूसिया
प्राथमिक शिक्षक
शासकीय प्राथमिक शाला धोंखेड़ा
सौ. - प्रभात रूसिया प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला धोंखेड़ा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंचायत सचिव - राम चरण पटैल
रोजगार सहायक - प्रदीप वर्मा
कमलेश सिलोकिया
सरपंच
ग्राम पंचायत बसुरिया
व समस्त पंच तथा ग्रामवासी
ग्राम पंचायत बसुरिया
सौ.-ग्राम पंचायत बसुरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सरदार पटैल
सरपंच
ग्राम पंचायत देवरी
शिव कुमार
उप सरपंच
ग्राम पंचायत देवरी
वीरन पटैल
सचिव
ग्राम पंचायत देवरी
सौ.-ग्राम पंचायत देवरी जनपद चीचली

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
NUPUR CONVENT
English Medium Higher Secondary School
Nursery to 12th (Science & Commerce
संचालक
जितेन्द्र आर नामदेव,
सुरेंद्र आर नामदेव
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ
GOKUL DHAM, NEAR SHANTI MANDIR, GADARWARA
सौ.- नुपुर कानवेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल
गोकुलधाम शनि मंदिर के पास गाडरवारा

## खबर संक्षेप

### रानी अवंती बाई की 195 वीं जन्म जयंती मनाई गई



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर की ऐतिहासिक ग्राम रामगढ़ जोकि वीरांगना रानी अवंती की कर्मभूमि हैं। जहां पर 16 अगस्त को स्थानीय रानी अवंती बाई समिति द्वारा सर्वप्रथम राधाकृष्ण, श्री गणेश मंदिर में पूजा-अर्चन पश्चात रानी अवंती बाई स्मारक स्थल पर तैलीय चित्र एवं श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। समिति अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर द्वारा रानी अवंती बाई की जीवनी पर विस्तृत जानकारी दी गई। श्रद्धांजली कार्यक्रम के अंत में कृष्ण जन्माष्टमी के सुअवसर पर मटकी फोड़ का आयोजन भी किया गया। जिसमें शासकीय मॉडल स्कूल रामगढ़ अमरपुर की बच्चों ने भाग लेकर छात्रा रानी ठाकुर ने प्रथम, छात्रा हिंमाशी सैयाम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पर संस्था के प्राचार्य आशीष मथेश ने अपने हाथ आजमाते हुए मटकी फोड़ कर तृतीय स्थान प्राप्त किए। आयोजित श्रद्धांजली कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्नेहलता ठाकुर, विमला परस्ते, अमरू सिंह ठाकुर, सुनील ठाकुर, मनीष ठाकुर, गजराज महदेले, देव सिंह भारती, लियाकत अली, राजा राम बर्मन, प्रशांत ठाकुर, आशीष ठाकुर, शुभम ठाकुर, राजकुमार चौहान, सम्राट महदेले, रीत सिंह ठाकुर, बैशाखू बनवासी, सुखनंदन वनवासी, राकेश बर्मन, नरेंद्र कुशराम, गणेश परस्ते सहित शासकीय मॉडल स्कूल की छात्र, छात्राएं एवं नन्हें-मुन्हें बच्चे, महिला व पुरुष भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग महिला की बरछी मारकर हत्या



**अमरपुर।** पुलिस चौकी अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम जलेगांव बाजार मोहल्ला में रहने वाली बुजुर्ग महिला सुमंत्रा बाई पति मोहन परस्ते उम्र 55 वर्ष जोकि अपने नाती प्रदीप के साथ रहती थी। 16 अगस्त दिन शनिवार को जलेगांव साप्ताहिक हाट बाजार का दिन था। नाती बाजार गया हुआ था। शाम लगभग 7:30 बजे के आसपास अज्ञात व्यक्ति द्वारा बरछी से बुजुर्ग को मौत के घाट उतार दिया। नाती वापस आया देखा कि आंगन में महिला खून से लथपथ पड़ी देख पड़ोसियों को बताया। जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस रात में ही पहुंच कर जायजा लेकर तपतीस जारी की गई। सुबह चौकी प्रभारी अतुल हरदहा पहुंचकर कार्यवाही करते हुए संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। ग्रामीणों के अनुसार महिला की अपने ही परिजनों से जमीन संबंधित विवाद चल रहा हैं। और उन्हीं लोगों द्वारा घटना को अंजाम देने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस जांच में जुटी हुई हैं।

### अमरकंटक : हर्षोल्लास से मनाई गई जन्माष्टमी

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि पर नर्मदा मंदिर परिसर स्थित मुरली मनोहर मंदिर एवं राधा कृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक धार्मिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी परिवार द्वारा वेद मंत्रों और भजनों के बीच मध्यरात्रि ठीक 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" जैसे जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। जन्मोत्सव पश्चात भगवान की महाआरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। जन्मोत्सव से पूर्व भक्तगणों ने भजन-कीर्तन में भाग लिया। आरती और पूजन-अर्चन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं फलाहार वितरित किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर एवं नर्मदा तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तों ने पावन सलिला नर्मदा में डुबकी लगाई, स्नान-पूजन किया और पतित पावनी मां नर्मदा के दर्शन किए। इसके बाद मुरली मनोहर भगवान का पूजन कर मन्नत मांगी। जन्माष्टमी पर्व को लेकर नगरभर में उल्लास और भक्ति का वातावरण देखने को मिला।

# गोरखपुर क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर सहित अंचल में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व भक्तों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर जगह जगह श्रद्धालुओं ने यशोदानंदन की विधिविधान से पूजा अराधना की।

डिंडौरी

कई स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता व श्रीकृष्ण 'स्वरूप धरें नन्हें मुन्नों ने बाल लीला रचाया। कस्बा से तीन किमी दूर सिवनी नर्मदा संगम तट पर श्रीराधाकृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण की पूजा अराधना करने के -लिए दिनभर श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। यहां आने वाले श्रीकृष्ण - भक्तों ने सर्वप्रथम नर्मदा नदी में आस्था की डुबकी लगाकर मंदिर में विराजमान

श्रीकृष्ण की विधि विधान से पूजा-पाठ किया। इस प्रकार दिनभर धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। बताया गया कि जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर में विशेष साज सज्जा की गई हैं। जन्मोत्सव के लिए मंदिर में विराजमान श्रीकृष्ण की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया। जन्मोत्सव को लेकर मंदिर में महाआरती का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

जगह जगह किया गया मटकी फोड़ का आयोजनः श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर अंचल के अनेकों स्थानों पर उमंग के साथ मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें युवा व बच्चे दोगुने उत्साह से शामिल होकर भाग लिए।

प्रतिस्पर्धा जीतने जोर आजमाइश करते रहें। इस दरमियान उत्साहित युवाओं के द्वारा मटकी फोड़ने आ रहे युवा युवती व बच्चों का ताली बजाकर उत्साह वर्धन करते रहें। गोंविदा आला रे आला ब्रिज का बांका संभाल तेरी घघरी रे जैसे गीतों पर दर्शकों ने खूब नृत्य किया। कस्बा के दुर्गा मंदिर में भक्तों द्वारा श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का भव्यता से मनाया गया। अर्धरात्रि में जन्म का समय प्रारंभ होते ही चारों दिशाओं में हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयघोष से वातावरण गुंजायमान हुआ। भक्तों ने आतिशबाजी की और श्रीकृष्ण जन्म की बधाई देकर मीठे से मुंह मीठा कराते हुए जन्मोत्सव के रंग में रंग गए।

## करौंदी में जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता

### कीर्ति साहू ने फोड़ी मटकी, ओमकारा दल ने दिया होम थिएटर इनाम



**डिंडौरी** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम करौंदी में दो दिवसीय मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय युवाओं की संस्था ओमकारा दल द्वारा किया गया, जिसमें ग्राम के साथ-साथ आसपास के दर्जनों युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के दौरान कई टीमों ने अपनी फुर्ती, साहस और संतुलन का प्रदर्शन किया। अंततः कीर्ति साहू ने अपने शानदार प्रयास से मटकी फोड़ने का गौरव हासिल किया। विजेता को आयोजन समिति की ओर से होम थिएटर का विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

**- धार्मिक कार्यों में सदैव सक्रिय रहते हैं युवा-** ओमकारा दल के पदाधिकारी शिवम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम धार्मिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहती है। पिछले दो वर्षों से लगातार जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें ग्रामवासी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। उन्होंने कहा – "हमारी टीम का उद्देश्य है कि परंपराओं को जीवित रखते हुए नई पीढ़ी को सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों से जोड़ा जाए। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं में उत्साह और टीम भावना का विकास होता है।"

**- अन्य गांवों में भी करते हैं महाआरती-** करौंदी ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों में भी ओमकारा दल के सदस्य धार्मिक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। विशेषकर नवरात्रि के दौरान दल के सदस्य विभिन्न गांवों में जाकर भव्य महाआरती का आयोजन करते हैं। यह आयोजन गांव-गांव में आस्था और श्रद्धा का केंद्र बनता है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर भक्तिमय वातावरण का अनुभव करते हैं। **ग्रामीणों ने सराहा पहल-** ग्रामवासियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं गांव में उत्साह, भाईचारे और धार्मिक भावना को प्रोत्साहित करती हैं। साथ ही, युवाओं के लिए यह एक मंच है जहाँ वे अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का सकारात्मक उपयोग कर सकते हैं।

# लोक स्वास्थय मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने नर्मदा घाट पर की पूजा-अर्चना, जिलेवासियों के कल्याण की कामना





डिंडौरी

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दिन प्रदेशभर में श्रीकृष्ण पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में घर-घर गोकुल, घर-घर गोपाल अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये।

इसी के अतंर्गत मुख्यमंत्री निवास पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह का आयोजन हुआ, वहीं प्रदेशभर के 3000 से अधिक श्रीकृष्ण मंदिरों में भजन, संकीर्तन एवं भक्तिमय आयोजन हुए। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर डिंडौरी के कृष्ण मंदिर एवं नर्मदा डेम घाट के राधाकृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। इस उत्सव में प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने शामिल होकर मंदिर में फूल-माला अर्पित कर प्रार्थना की और वही पर आयोजित भजन मंडली में शामिल होकर आनंद लिया। वहीं पर नर्मदा नदी के घाट में नर्मदा मां की पूजा अर्चना के साथ चुनरी अर्पित कर जिलेवासियों को स्वस्थ रहने की कामना की।

नर्मदा डेम घाट में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर राठौर धर्मशाला प्रांगण में श्रीकृष्ण पर्व पर सांस्कृति विभाग के द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक विभाग भोपाल के द्वारा लोककलाकारों भजन कीर्तन के साथ सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां की गई। श्रीकृष्ण भजन संध्या का कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के निर्देशन में महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ स्वराज्य संस्थान संचनालय संस्कृति विभाग के द्वारा संचालित नव चेतना मंच समनापुर के संयोजक श्री अशोक शर्मा के द्वारा लोक स्वास्थय मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे, बीजेपी अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, अन्य को फूलमाला पहनाकर, तिलक वंदन कर साल श्रीफल से स्वागत किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिलेवासियों को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रदेश सरकार जिलेवासियों के लिए हर संभव मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। साथ ही साथ जनमाष्टमी के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा स्थानीय लोक कलाकारो के माध्यम से भजन कीर्तन, लोकनृत्य की प्रस्तुतियां देकर कलाकार, लोककलाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से प्रदेश के साथ-साथ सभी लोगों के कल्याण की भी कामना की है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और लीलाओं पर भी प्रकाश डाला। नर्मदा गंज के श्री कृष्ण मंदिर अन्नपूर्णा के पास स्थित मंदिर में बहुत ही सुंदर और मोहक रूप से मंदिर को सजाया गया। जिसके मुख्य कलाकार समिति के श्री राधाकृष्ण सर्वाकार समिति के अध्यक्ष प्रवेश कनौजे, उपाध्यक्ष रमेश राजपाल, राजेन्द्र वर्मा, सचिव अनुराग बिलैया, संदीप कांसकर, दीपक तिवारी, आदित्य पाठक, नागेन्द्र चौरसिया, चंचल अग्रवाल, देवांशु नायक, महेश पारासर इन सभी का विशेष सहयोग रहा। उपस्थित रहे।



### करौंदी में दो साल बाद भी नहीं बन पाया आंगनवाड़ी भवन स्वतंत्रता दिवस पर खंडहर भवन के सामने ही फहराया गया तिरंगा



**डिंडौरी।** शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत करौंदी में लगभग दो वर्ष पूर्व आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया था, लेकिन आज तक भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। जिम्मेदार सरपंच एवं सचिव की उदासीनता के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 14 कीर्ति भीमशंकर साहू के प्रयासों से इस नवीन भवन के लिए लगभग 8 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। भवन निर्माण हेतु आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, जनपद सदस्य कीर्ति भीमशंकर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे थे। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि शीघ्र ही आंगनवाड़ी भवन का निर्माण होगा और बच्चों को सुविधाजनक भवन मिलेगा।

लेकिन भूमिपूजन के करीब दो साल गुजर जाने के बाद भी भवन का काम शुरू नहीं हुआ है। इस स्थिति से बच्चों को आंगनवाड़ी की सुविधाएं जर्जर एवं अस्थायी भवनों में ही लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से जनपद एवं जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।



# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर छात्रावास आश्रम शालाओं में छाया सांस्कृतिक रंग

### एकल सामूहिक नृत्य, भजन, रंगोली, चित्रकला और मटकी फोड़ जैसी गतिविधियों में बच्चों ने बढ-चढ़कर भाग लिया

डिंडौरी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने बाताया की शासन के निर्देशानुसार जिले के डिंडौरी, समनापुर, बजाग, करंजिया, अमरपुर, मेंहदवानी, शहपुरा में संचालित छात्रावासों एवं आश्रम शालाओं में पूरे दिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता रही और परिसर उत्साह-भक्ति और उमंग से गूंजता रहा। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुरूप बच्चों ने एकल एवं सामूहिक नृत्य भजन, गायन, रंगोली और चित्रकला जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंच पर प्रस्तुत कृष्ण-लीला पर आधारित नृत्यांकों और भजन संध्या ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। इसके साथ ही परंपरागत मटकी फोड़ दही-हांडी गतिविधि ने उत्सव का माहौल और जीवंत बना दिया।

उत्सव के दौरान छात्रावास आश्रम में भोजन जिनमें बच्चों को स्वच्छता, पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सुरक्षा के सरल संदेश दिए गए। आयोजकों ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में कला, संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करना, टीम-वर्क को बढ़ावा देना और भारतीय परंपराओं से जोड़ना है।

जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और स्टाफ की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं और सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करती हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम को किया याद, पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि, जन्म जयंती भी मनाया



डिंडौरी

करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सैलवार में शनिवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि व भाजपा के पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती को विधि-विधान से मनाया कार्यक्रम बूथ क्रमांक 301 पर हुआ। इस अवसर पर दोनों महान नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष कौतू ने लोगों को संबोधित किया और वाजपेयी जी के जीवन का वर्णन करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति को नई दिशा देने में अटलजी की अहम भूमिका हैं,वह अपने राजनीतिक जीवन में देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं।

**नेताओं ने किए महान योगदान का स्मरण** – भाजपा के युवा नेता भुवनेश्वर हस्तपुरिया ने अटलजी को भारतीय राजनीति का महानायक बताया और कहा कि उन्होंने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। वहीं, कुशाभाऊ ठाकरे को संगठन का स्तंभ बताते हुए उनके अनुशासन और समर्पण के मार्ग की सराहना की ।भाजपा नेता पंकज प्यासी ने कुशाभाऊ ठाकरे को याद करते हुए कहा कि वे सादगी और उच्च विचारों के धनी थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए प्रशिक्षित किया।अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में उन्होंने कहा कि वे ओजस्वी वक्ता और देशभक्त नेता थे। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं को शुरू किया था। जिसका परिणाम आज सभी स्थानों पर देखने मिल रहा हैं।

### मंडल उपाध्यक्ष ने किया आव्हान

मंडल उपाध्यक्ष ब्रजेश तिवारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और कुशाभाऊ ठाकरे दोनों की सोच और विचारधारा आज भी पार्टी की रीढ़ हैं। इसलिए हम सभी को उनके विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना ही उनके प्रति असल श्रद्धांजलि होगी।उन्होंने कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए आव्हान किया कि आप सभी समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने हेतु प्रतिबद्ध हो ।

### कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी कृष्ण लाल हस्तपुरिया की उपस्थिति में शनिवार को भाजपा के युवा नेता भुवनेश्वर हस्तपुरिया कान्हा शर्मा ज्ञान सिंह तेकाम , पंचम सिंह, गणेश, योगेश, मनोज ,रिंकू, अरविंद श्याम सिंह, सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पार्टी और समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**

## 10 ग्राम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर कपूरी चौराहा के पास अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि अभिषेक उर्फ गोलू पिता द्वारका प्रसाद लोधी उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम सूरवारी, थाना ठेमी, जिला नरसिंहपुर से 10 ग्राम स्मैक जिसकी कीमत एक लाख रूपए जब्त की गई आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 615/2025 धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गया। अवैध मादक पदार्थ स्मैक पाउडर के स्त्रोत के संबंध में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## महिला ने खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस महिला द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीनी वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जलवती पति रामप्रसाद उम्र 35 वर्ष निवासी चंपरखेड़ा थाना बटका जिला छिंदवाड़ा द्वारा अपने ही घर पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

## वृद्ध को सर्प ने काटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस खेत मे काम करते समय मे वृद्ध को सर्प ने काट लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तुलसी गोस्वामी पिता हल्के गोस्वामी उम्र 60 वर्ष निवासी बीनेर को खेत मे काम करते समय सर्प ने काट लिया। जिसका उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है।

## जहरीली वस्तु के सेवन से युवक की हालत बिगड़ी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी के ग्राम रीछा निवासी युवक द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिससे हालत बिगड़ने पर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया। पुलिस ने बताया कि आशीष लोधी पिता चोखेलाल लोधी उम्र 35 वर्ष ने अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसका उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है।

### आन बान शान से लहराया तिरंगा

# मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री ने किया झंडा वंदन

## स्कूल विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर









विगत दिवस जिले में स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास, उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ। मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग और जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया ने परेड की सलामी ली। तत्पश्चात समृद्धि के प्रतीक रंगीन गुब्बारों को आकाश में छोड़ा गया। इस मौके पर बैंड द्वारा जन- गण- मन की धुन प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात परेड दलों द्वारा जयघोष एवं हर्षफायर किया गया।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों मिला सम्मान

समारोह में विशेष सशस्त्र बल 32 वीं बटालियन बी कम्पनी, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर डिवीजन एमआइएमटी कॉलेज नरसिंहपुर, एनसीसी सीनियर विंग एमआइएमटी कॉलेज नरसिंहपुर, एनसीसी सीनियर डिवीजन पीजी कॉलेज नरसिंहपुर, एनसीसी जूनियर डिवीजन उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, एनसीसी जूनियर विंग उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, स्काउट गाइड उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, रेडक्रॉस पीएम श्री शासकीय एमएलबी कउमा विद्यालय नरसिंहपुर और शौर्य दल महिला एवं बाल विकास विभाग नरसिंहपुर द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। मुख्य अतिथि ने परेड में भाग लेने वाले प्लाटून कमांडर से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों को शाल व श्रीफल देकर उनका सम्मान किया।

### लोकहित मे कार्य कर रही सरकार

प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने प्रदेश व जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 15 अगस्त के अवसर पर दिए गए संदेश को उपस्थित जनसमुदाय ने आनंद व उमंग के साथ सुना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की जनता के कल्याण व प्रगति के लिए दूरदर्शिता के साथ काम कर रहे हैं। इससे प्रदेश की जनता का कल्याण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इन संकल्पों को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पि है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे आकर्षण का केन्द्र

स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में छात्र- छात्राओं के द्वारा देशभक्ति और लोकगीत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। छात्र- छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। तालियो की गड़गड़ाहट से सम्पूर्ण स्टेडियम गूंज उठा। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट परेड के लिए पुलिस बल में विशेष सशस्त्र बल 23 वीं बटालियन बी कम्पनी, सीनियर छात्र छात्रा दल में एनसीसी सीनियर विंग पीजी कॉलेज नरसिंहपुर और जूनियर छात्र- छात्रा दल में एनसीसी जूनियर विंग उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय चौबे, दीपक अग्निहोत्री और श्रीमती विभा दुबे ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यि, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, रामसनेही पाठक, अभिलाष मिश्रा, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सुश्री कल्पना तिवारी डीएफओ, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी- कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि, शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक, शिक्षिकायें, छात्र-छात्रायें और नागरिक मौजूद थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर के मार्गदर्शक पं. मैथिलीशरण तिवारी के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण करते हुए एन.सी.सी. दल की सलामी ली तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर मुख्य अतिथि एवं संस्था परिवार ने अपनी विनम्र पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं शैक्षणोत्तर उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. गर्ग द्वारा महाविद्यालय के चेयरमेन इंजी. रूद्रेश तिवारी की ओर से भी समस्त महाविद्यालय परिवार को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में एम.आई.एम.टी.एन.सी.सी. कम्पनी के एस.डी. एवं एस.डब्ल्यू. परेड दल द्वारा अण्डर ऑफिसर द्वय संस्कार कश्यप एवं प्रतिमा कौरव के नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में एम आईएम टी कॉलेज एवं झंडु कंपनी द्वारा पेन फ्री इंडिया कैंपेन के तहत कॉलेज परसिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. अजीत चेलानी बीएएमएस आयुर्वेद एवं पंचकर्म विशेषज्ञ तथा डॉ. एम. चेलानी बीएएमएस स्त्री एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ मुंबई द्वारा शिविर में आए विभिन्न रोगों के 98 मरीजों का उपचार किया गया। इस अवसर पर सजल अग्रवाल, अजय कुमार ठाकुर, सुभानी ठाकुर उपप्राचार्य डॉ. एस.एन.राव, श्रीमती अनीता रघुवंशी, एन.सी.सी. अधिकारी द्वय मेजर पराग नेमा, लेटि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, जी डी उमरे, विजेता सिधना, एन.एस.एस. अधिकारी चन्द्रप्रकाश गुप्ता, महेश पाठक, विवेक जोशी एवं सभी स्टॉफ मेम्बर्स सहित छात्र-छात्राओं की विशेष उपस्थिति रहीं।

# फिट इंडिया ड्राइव अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स ने किया योग



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस 1 एमपी बटालियन एनसीसी जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल समीर बोडस के निर्देशानुसार एवं डायरेक्टर जनरल एनसीसी द्वारा संचालित फिट इंडिया ड्राइव के अंतर्गत एम आई एम टी कॉलेज में संचालित एनसीसी कंपनी एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में योग गतिविधियों का आयोजन एम आई एम टी कॉलेज नरसिंहपुर के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग के मुख्य आतिथ्य, उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के प्राचार्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक उदेनिया, विवेक जोशी के विशिष्ट आतिथ्य एवं पूर्व रिपब्लिक डे कंटिजेंट एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर रामप्रताप राजपूत, जय मिश्रा तथा रिया शर्मा की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अशोक गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओं के लिए योग आवश्यक है क्योंकि यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता, और तनाव प्रबंधन में मदद करता है। उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर ए. एन. राव ने योग क्रियाएं का सफल प्रशिक्षण एवं संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन एम आई एम टी कॉलेज नरसिंहपुर के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर मेजर डॉ.पराग नेमा एवं आभार प्रदर्शन लेफ्टि. जितेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में सीनियर डिवीजन, सीनियर विंग, जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के एनसीसी कैडेट्स की विशेष उपस्थिति रही ।

# श्रीकृष्ण पर्व में भजनों को सुन झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



श्रीकृष्ण पाथेय न्यास संस्कृति विभाग द्वारा जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण पर्व का राधावल्लभ मंदिर, में आयोजन किया गया। प्रख्यात बुन्देली लोक कलाकार सुमित दुबे ने अपने साथी कलाकार राजेश दुबे प्रतीक दुबे, अंकित दुबे, दशरथ मेहरा, अनूप सेन, विवेक ठाकुर व भरत पटेल मंदिर परिसर में अपने श्रीकृष्ण केंद्रित सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से उपस्थित भक्तों, कलाप्रेमियों को थिरकने और नाचने झूमने पर मजबूर कर माहौल प्रफुल्लित व उत्सवमय बना दिया। ज्ञात हो श्रीकृष्ण पाथेय न्यास संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न शहरों के प्रमुख मंदिरों में जन्माष्टमी के दिन श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व पार्षद विक्रांत पटैल,पुजारी पं.अंकित तिवारी,संस्कार भारती जिला महामंत्री नवीन पांडे, वरिष्ठ पत्रकार नीलेश जाट, रंगकर्मी आशीष तिवारी, व भारी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

## युवक ने खाई नींद की गोलियां, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी युवक ने अज्ञात कारणों से नीद की गोलियों का सेवन कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डालचंद पिता महादेव मेहरा उम्र 32 वर्ष निवासी उमरिया चिनकी थाना कोतवाली द्वारा अज्ञात कारणों से नींद की गोलियों का सेवन कर लिया जिससे हालत विगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

# ध्वजारोहण के उपरांत शाम को ध्वज उतारना ही भूल गए प्रधान पाठक

तेंदूखेड़ा





एक तरफ जहां राष्ट्रीय ध्वज के मान सम्मान और ध्वज संहिता को लेकर पाठ पढाये जाते हैं। वहीं दूसरी तरफ राष्ट निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाने वाले और बच्चों को स्वयं राष्ट्रीय ध्वज के मान सम्मान की शिक्षा देने वाले शिक्षक स्वयं गलती कर बैठते हैं। निश्चित तौर पर विषय गंभीर और सोचनीय भी है। मामला चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम विजोरा का है जहां प्राथमिक शाला में स्वाधीनता दिवस पर यहां पर पदस्थ प्रभारी प्रधान पाठक ध्वजारोहण के उपरांत शाम को ध्वज उतारना ही भूल गये इतना ही नहीं दो दिन तक ध्वज स्तंभ पर लहराता रहा जब इस विषय को लेकर अधिकारियों से चर्चा की गई और सोशल मीडिया पर यह विषय चर्चित हुआ तब कहीं आनन फानन समीप की ही एक महिला द्वारा यह ध्वज उतारा। चूंकि यहां पर 10 12 बच्चे ही दर्ज है और दो शिक्षक पदस्थ हैं। एक शिक्षक कहीं बाहर से आते हैं और दूसरे शिक्षक जिन्हें यहां का प्रधान पाठक का प्रभार सौंपा गया है वह समीप के ही एक गांव के हैं। हमेशा नशे में मदमस्त रहने के साथ और भी अनैतिक गतिविधियों में संलग्न बनें रहते हैं।जिसका प्रभाव बच्चों पर भी पड़ता है। गांव के लोग परेशान हैं लेकिन प्रभारी प्रधान पाठक की पहुंच प्रभावशालियों के साथ होने के कारण कुछ नहीं हो पाता है। प्रधान पाठक जब कभी ही स्कूल आते हैं और आते भी हैं तो अपने दूसरे क्रिया-कलापों में बाहरी अन्य गांवों के लोगों को बुलाकर सलंग्न हो जाते हैं। इन सब गतिविधियों के चलते उक्त शिक्षक को एक बार निलंबित भी किया जा चुका है। फिर भी इनके कारनामों में सुधार नहीं हो पा रहा है। चूंकि बाजू में एक आंगनवाड़ी केन्द्र भी संचालित होता है।ध्वज उतारने को लेकर जब विकास खंड के शिक्षा अधिकारियों से चर्चा की गई तब उन्होंने संबंधित शिक्षक से चर्चा की लेकिन नशे में होने के कारण सोमवार को उतारने की बात कह डाली और बाहर होने का हवाला दे दिया। किसी भी तरह अधिकारियों ने बोलकर आंगनबाड़ी सहायिका के माध्यम से ध्वज उतरवाया। इस विषय को लेकर गांव वालों का कहना है कि राष्ट निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाने वाले यदि इसी तरह से विसंगति पूर्ण स्तिथि निर्मित करेंगे तो नौनिहालों का क्या होगा। और हमारी ध्वज संहिता पर क्या प्रभाव पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने तत्काल प्रभाव से शिक्षक को दंडित करने की मांग की है।

## श्रीमती रामसखी पाठक ब्रह्मलीन, खारी विसर्जन आज



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामसनेही पाठक की माताजी श्रीमती रामसखी पाठक का 85 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया है। ब्रह्मलीन पूज्य माताजी धर्म के प्रति गहन आस्थावान थी व सभी के प्रति उनका मातृत्व भाव था। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जहां पर समाज से सभी वर्गों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। खारी विसर्जन की 18 अगस्त सोमवार को नर्मदा तट बरमान घाट में किया जावेगा।

## शैलेंद्र चौधरी राज्यपाल द्वारा सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित यूपीएससी परीक्षा वर्ष 2024 के परीक्षा परिणाम में 362 वी ऑल इंडिया रैंक के साथ उत्तीर्ण कर चयनित हुए नरसिंहपुर जिले के गौरव शैलेंद्र चौधरी आई.ए.एस. को सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर शैलेंद्र चौधरी के साथ उनके परिजनों की उपस्थिति रही।

# सरकारी स्कूल में तिरंगे का अपमान, तीन जिम्मेदारों को नोटिस

गोटेगांव

विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिमरी बड़ी में बीते दिनों स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। यहां स्थित शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में ध्वजारोहण के समय राष्ट्रीय ध्वज को उल्टा फहरा दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, प्रधानपाठक दुर्गा प्रसाद छिरोलिया, सचिव संजय बटोरिया सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद था, लेकिन किसी ने भी तत्काल गलती को नहीं सुधारा। घटना की जानकारी सामने आने के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी **BEO** गोटेगांव ने तीन जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। सोशल मीडिया से मिली जानकारी, जांच के बाद होगी कठोर कार्रवाई।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई। उन्होंने तुरंत संकुल प्राचार्य और संबंधित विद्यालय के प्रधानपाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अत्यंत गंभीर मामला है और जांच के बाद दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**नोटिस में दी चेतावनी**

कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, गोटेगांव द्वारा जारी पत्र में संकुल प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल राखी (भैसा), प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला सिमरी बड़ी और प्रधानपाठक शासकीय माध्यमिक शाला सिमरी बड़ी को नोटिस दिया गया है। पत्र में लिखा है कि 15 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय ध्वज उल्टा फहराने की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और न ही स्वीकार किया जा सकता है। सभी को निर्देश दिया गया है कि 18 अगस्त 2025 को शाम 5 बजे तक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय पर स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो वरिष्ठ कार्यालय को निलंबन का प्रस्ताव भेजा जाएगा, जिसके लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर ब्रह्मचारी अचलानंद के सानिध्य में निकली भव्य शोभा यात्रा

**ब्रह्मलीन शंकराचार्य जी ने 20 वर्ष पहले कराई थी शुरुआत।**

**गोटेगांव समीपवर्ती ग्राम श्रीनगर में निकाली गई भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।**



**गोटेगांव।** भगवान श्री कृष्ण जी की शोभायात्रा जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ हुई गांव के मुख्य मार्गो से हुए हुई जगन्नाथ मंदिर में समापन हुआ जगह जगह लोगों ने भगवान श्री कृष्ण के दर्शन पूजन किए व श्रद्धालुओं ने जगह जगह दही, केले का प्रसाद बाटा व मटकी बांधी गई, शोभायात्रा में मुख्य रूप से परमहंसी गंगा आश्रम से ब्रह्मचारी अचलानंद महाराज शामिल हुए थे।

श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया साथ ही कृष्ण जन्माष्टमी के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अष्टमी तिथि के दिन जन्म होना यह दर्शाता है कि वे आध्यात्मिक और सांसारिक दुनिया में पूर्ण रूप से परिपूर्ण थे । वे एक महान शिक्षक और आध्यात्मिक प्रेरणा के अलावा उत्कृष्ट राजनीतिज्ञ भी थे । भगवान श्री कृष्ण का सबसे अद्भुत गुण यह है कि वे सभी संतों में सबसे श्रेष्ठ ओर पवित्र होने के बावजूद वे अत्यंत नटखट भी थे । भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा और ज्ञान हाल के समय के लिये सुसंगत हैं क्योंकि वे व्यक्ति को सांसारिक कायाकल्पो में फँसने नहीं देती और संसार से दूर होने भी नहीं देती । वे एक थके हुए और तनावग्रस्त व्यक्तित्व को पुनः प्रज्वलित करते हुये और अधिक केंद्रित और गतिशील बना देती है। इस भव्य शोभा यात्रा की शुरुआत 20 वर्ष पहले ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरणा से की गई थी जो की आज परंपरा अनुसार श्रीनगर में यह भव्य शोभा यात्रा का कार्यक्रम 20 वर्ष से निरंतर चला आ रहा है हम सभी मिलकर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम हर्ष उल्लास के साथ मानते है और यह निरंतर जारी रहेगी! शोभायात्रा में बच्चे युवा महिलाएं एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुई।

